कुम्भ के दौरान कौंसुल ने लगातार जल आपूर्ति की सुनिश्चित

इलाहाबाद, ०२ मार्च। अग्रणी उर्जा संसाधनों के निर्माता कौंसुल कंसोलिडेटेड ने महाकुम्भ के दौरान उन्नत किस्म की उर्जा सयंत्रों के जरिये अबाधित जल आपूर्ति करने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम से अपनी साझेदारी की घोषणा की है। कौंसल ने यूपी जल निगम के पम्पिंग स्टेशन पर ६० केवीए कौंसुल वोल्टेज स्टेबलाइजर स्थापित किये थे। जिससे कि महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अबाधित जलापूर्ति की जा रही है। मेले में पर्म्पिग स्टेशनों पर स्थापित ४६ कौंसुल सर्वो स्टेबलाइजरों के जरिये पूरे कुम्भ नगर में ५५० किलोमीटर लम्बी पाइपलाइन द्वारा २०,००० कनेक्शन पर जलापूर्ति की जा रही है। उत्तर प्रदेश जल निगम के एग्जीक्यूटिव इंजिनियर आरसी मौर्या ने कहा कि हमारा प्रयास था कि मेले में आने वाले स्नानार्थियों को अबाधित और समुचित जल मिले। हमारा अनुमान है कि मेल की समाप्ति तक मेले में आये श्रद्धालुओं द्वारा ८० मिलियन लीटर से अधिक पानी का उपयोग हो चूका होगा, हमे खुशी है कि हम यह कार्य सुचारू रूप से बिना किसी बाधा के हुआ। इस अवसर पर एनपी कृष्णन, डायरेक्टर मार्केटिंग, कौंसुल कंसोलिडेटेड ने कहा, कौंसुल इस बात से गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि हमारे वोल्टेज स्टेबलाइजर विश्व क्व सबसे बड़े मेले महाकुम्भ के पूरे ५५ दिनों के अवधि के दौरान वाटर पम्पिंग स्टेशनों को उर्जा प्रदान कर रहे हैं।

कोर मुख्यालय में विदाई समारोह

इलाहाबाद, ०२ मार्च। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन मुख्यालय में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी और कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी इफ्तिखार अहमद खान और सहायक वित्त सलाहकार मो. बिलाल सिद्दीकी ने अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भाव-भीनी विदाई देते हुए उनके दीर्घायु होने तथा स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन एसी सक्सेना ने किया।